विभागीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति, भारतीय खान ब्यूरो (मुख्यालय), नागपुर की दिनांक 16/10/2023 को 127 वीं बैठक का आयोजन

विभागीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति, भारतीय खान ब्यूरो (मुख्यालय), नागपुर की 127 वीं बैठक श्री पीयूष नारायण शर्मा, मुख्य खान नियंत्रक (प्रभारी) की अध्यक्षता में दिनांक 16/10/2023 को अपराह्न 4.00 बजे महानियंत्रक महोदय के सभाकक्ष में आयोजित की गई। अध्यक्ष महोदय एवं अन्य सदस्यों के स्वागत के पश्चात अध्यक्ष महोदय की अनुमति से डॉ. योगेश जी. काले, खान नियंत्रक (मध्य) एवं राजभाषा अधिकारी द्वारा बैठक की कार्यवाही प्रारंभ की गई। कार्य सूची के अनुसार बैठक में पिछली बैठक (126वीं) के कार्यवृत्त पर की गई अनुवर्ती कार्रवाई एवं कार्यवृत्त की पुष्टि की गई। इसके पश्चात राजभाषा अधिकारी द्वारा पिछली तिमाही के दौरान राजभाषा सम्बन्धी कार्यों की विवरणी प्रस्तुत की गई। तत्पश्चात अप्रैल – जून, 2023 अवधि की मुख्यालय एवं अधीनस्थ कार्यालयों की तिमाही रिपोर्ट की समीक्षा की गई।

बैठक में भारतीय खान ब्यूरो की 75 वीं स्थापना दिवस पर हिंदी पत्रिका का विशेषांक का प्रकाशन एवं विमोचन, हिंदी पत्राचार, चेन्नई क्षेत्रीय कार्यालय को प्रशस्ति पत्र दिया जाना, गोवा में अखिल भारतीय राजभाषा तकनीकी सेमिनार का आयोजन, विराकस बैठक के अतिरिक्त अन्य शीर्षस्थ बैठकों का ब्यौरा एवं ई-ऑफिस में टिप्पणी की गणना इत्यादि विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई।

अंत में अध्यक्ष महोदय एवं सभी सदस्यों का आभार श्री अभिनय कुमार शर्मा, संपादक द्वारा व्यक्त किया गया।

भारतीय खान ब्यूरो, नागपुर
विभागीय राजभाषा
कार्यान्वयन समिति की बैठक

भारतीय खान ब्यूरो, नागपुर
विभागीय राजभाषा
कार्यान्वयन समिति की बैठक